कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

दिनांक 25.01.2022

"महाविद्यालय में हुआ मतदाता शपथ ग्रहण का आयोजन"

प्रतिवेदन

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में दिनांक 25/01/2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने सर्वप्रथम मतदाता दिवस में उपस्थित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को संबोधित करते हुए अपील की कि सभी को लोकतत्रं को मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिये, भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में नागरिको को राजनीति एवं समानता का अधिकार प्रदान किया गया है, जिसमें सभी स्त्री–पुरुष जो कि 18 वर्ष की आयुपूर्ण कर ली है, उन्हें मत देने का अधिकार प्रदान किया गया है, वे किसी भी धर्म, जाति, लिंग, स्थान, समुदाय, भाषा के हो, बिना किसी भेदभाव के अपने मतो का प्रयोग कर सकते है तथा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है।





डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने मतदान एवं मतदाता से संबंधित गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने शपथ वाचन किया। इस कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता श्री चैतराम यादव, श्री राकेश कुमार अमिला, श्री गन्नूराम साहू एवं श्री ए.के. रामटेके, श्री टी. आर. मंडावी, श्री बी. एल. ध्रुव, श्री के.के. जांगडे, तनूजा साहू, श्रीमती ईश्वंता बाई निषाद उपस्थित थे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य